# विषय सूची/ CONTENTS

## भाग PART - I

1. न्यासी मंडल
BOARD OF TRUSTEES 10

2. प्रधान अधिकारी
PRINCIPAL OFFICERS 14

3. अध्यक्ष की रिपोर्ट
CHAIRMAN'S REPORT 16

## भाग PART - II

4. मुख्य विशेषताएँ
HIGHLIGHTS 26

5. कंटेनर टर्मिनल निष्पादन की मुख्य विशेषताएँ : जनेप कं.ट.
CONTAINER TERMINAL PERFORMANCE HIGHLIGHTS : JNP CT 28

6. कंटेनर टर्मिनल निष्पादन की मुख्य विशेषताएँ : एनएसआईसीटी
CONTAINER TERMINAL PERFORMANCE HIGHLIGHTS : NSICT 30

7. कंटेनर टर्मिनल निष्पादन की मुख्य विशेषताएँ : एपीएम टर्मिनल
CONTAINER TERMINAL PERFORMANCE HIGHLIGHTS : APM Terminals 32

8. कंटेनर टर्मिनल निष्पादन की मुख्य विशेषताएँ : एनएसआईजीटी
CONTAINER TERMINAL PERFORMANCE HIGHLIGHTS : NSIGT 34

9. कंटेनर टर्मिनल निष्पादन की मुख्य विशेषताएँ : बीएमसीटी
CONTAINER TERMINAL PERFORMANCE HIGHLIGHTS : BMCT 36

10. बल्क टर्मिनल निष्पादन की मुख्य विशेषताएँ
BULK TERMINAL PERFORMANCE PROFILE 38

11. प्रचालनीय निष्पादन की रुपरेखा
OPERATING PERFORMANCE PROFILE 40

12. वित्तीय निष्पादन की रुपरेखा
FINANCIAL PERFORMANCE PROFILE 60

13. सामान्य सूचना
GENERAL INFORMATION 78

## भाग PART - III

सांख्यिकीय सूचना
STATISTICAL INFORMATION 102



भारत के माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के करकमलोंसे राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्राप्त करते हुए जनेप न्यास के प्रभारी अध्यक्ष श्री नीरज बंसल, भा.रा.से.

**Shri Neeraj Bansal, IRS , Chairman In-Charge , JNPT receiving Rajbhasha Kirti Puraskar from the Honourable President of India Shri Ramnath Kovind at Rashtrapati Bhavan, New Delhi**



जनेप न्यास के चौथे टर्मिनल–बीएमसीटीपीएल (चरण I) का उद्घाटन करते हुए भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी। इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

**Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi with other dignitaries inaugurating the JNPT 's Fourth Container Terminal - BMCTPL** (Phase I)




वर्धा ड्राय पोर्ट के भूमिपूजन समारोह में सडक परिवहन तथा राजमार्ग, पोत परिवहन तथा जलसंसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्री श्री नितिन गडकरी का सम्मान करते हुए जनेप न्यास के अध्यक्ष श्री अनिल डिग्गीकर, भा.प्र.से.

**Shri Anil Diggikar, IAS, Chairman, JNPT Felicitating Shri Nitin Gadkari, Honourable Union Minister for Road Transport & Highways, Shipping and Water Resources, River Development & Ganga Rejuvenation at the Wardha Dry Port Ground Breaking Ceremony.**




चौथे वार्षिक वैष्विक संमेलन 2017 नागपूर में माननीय श्री नितिन गडकरी, सडक परिवहन तथा राजमार्ग, पोत परिवहन तथा जलसंसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्री और जनेप पत्तन के प्रभारी अध्यक्ष श्री नीरज बंसल, भा.रा.से.

**Shri Nitin Gadkari , Honourable Union Minister for Road Transport & Highways, Shipping and Water Resources, River Development & Ganga Rejuvenation with Shri Neeraj Bansal , IRS, Chairman In- charge, JNPT at 4th Annual Gobal Nagpur Summit 2017**



जनेप न्यास की 29 वीं वर्षगाँठ समारोह में माननीय श्री नितिन गडकरी, सडक परिवहन तथा राजमार्ग, पोत परिवहन तथा जलसंसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्री, जनेप पत्तन के प्रभारी अध्यक्ष श्री नीरज बंसल, भा.रा.से. और जनेप न्यास के अधिकारी ।

**Shri Nitin Gadkari, Honourable Union Minister for Road Transport & Highways, Shipping and Water Resources, River Development & Ganga Rejuvenation with Shri Neeraj Bansal, IRS, Chairman In- Charge, JNPT and other JNPT officials at JNPT's 29th Anniversary programme.**



श्री मनसुख मांडविया, सडक परिवहन तथा राजमार्ग, पोत परिवहन, रसायन एवं उर्वरक राज्यमंत्री का स्वागत करते हुए जनेप न्यास के प्रभारी अध्यक्ष श्री नीरज बंसल, भा.रा.से.

**Shri Mansukh Mandaviya, Union Minister of State for Road Transport & Highways, Shipping, Chemical & Fertilizersbeing welcomed by Shri Neeraj Bansal,Chairman-in-Charge, JNPT**



जनेप न्यास द्वारा की जा रही विभिन्न विकास गतिविधियों के बारे में प्रेस को संबोधित करते हुए पोत परिवहन सचिव श्री गोपाल कृष्ण, भा.प्र.से. साथ में है जनेप न्यास के प्रभारी अध्यक्ष श्री नीरज बंसल, भा.रा.से.

**Shri Gopal Krishna, IAS Secretary (Shipping ) chairedthe Press Conference along with Shri Neeraj Bansal, IRS Chairman In Charge, JNPT on the various development activities undertaken at JNPT.**



लात्विया के प्रधानमंत्री महामहिम श्री मारिस कुकिंकिस का स्वागत करते हुए जनेप न्यास के प्रभारी अध्यक्ष श्री नीरज बंसल, भा.रा.से.

**Shri Neeraj Bansal , IRS, Chairman In-charge, JNPT felicitating Prime Minister of Latvia, H. E. Mr. Maris Kucinskis**



वार्षिक निष्पादन घोषणा बैठक में पोत परिवहन सचिव श्री गोपाल कृष्ण, भा.प्र.से. साथ में है जनेप न्यास के प्रभारी अध्यक्ष श्री नीरज बंसल, भा.रा.से., जेएनपीटी के वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य हितधारक।

**Shri Gopal Krishna, IAS, Secretary (Shipping) and Shri Neeraj Bansal , Chairman In-Charge with JNPT Team and other stakeholders at Annual performance declaration meeting.**



जनेप न्यास में ''व्यापार में सुगमता'' पर आयोजित कार्यशाला में महापत्तनों के यातायात प्रबंधकों के साथ जनेप न्यास के प्रभारी अध्यक्ष श्री नीरज बंसल, भा.रा.से.

**Shri Neeraj Bansal, IRS, Chairman In- charge, JNPT with the Traffic managers of major ports participating in the Ease of Doing Business workshop at JNPT**




जनेप न्यास में महिला दिवस समारोह के अवसर पर विस्टा सदस्यों के साथ जनेप न्यास के प्रभारी अध्यक्ष श्री नीरज बंसल, भा.रा.से.

**Shri Neeraj Bansal, IRS, Chairman In-Charge, JNPT along with WISTA members on Women's Day Celebration at JNPT**



150 वीं ओसाका वर्षगाँठ समारोह में जनेप न्यास के प्रभारी अध्यक्ष श्री नीरज बंसल, भा.रा.से. साथ में है श्री एस.वी.मदभावी, मुख्य प्रबंधक (पयोवि) ।

**Shri Neeraj Bansal, IRS Chairman In-Charge, JNPT with Shri S. V .Madhbhavi Chief Manager Port Planning and development at 150th Osaka Anniversary event.**




मैरीटाईम एण्ड लॉजिस्टिक अवार्ड में वर्ष के सर्वोत्कृष्ठ कंटेनर पत्तन का पुरस्कार प्राप्त करते हुए जनेप न्यास के प्रभारी अध्यक्ष श्री नीरज बंसल, भा.रा.से. ।

**Shri Neeraj Bansal, IRS, Chairman In- Charge ,JNPT and HoDs at wining Maritime And Logistics Awards for best container port of the year.**

# विषय सूची/ CONTENTS

## भाग - I
## PART - I

1. न्यासी मंडल
**BOARD OF TRUSTEES**

2. प्रधान अधिकारी
**PRINCIPAL OFFICERS**

3. अध्यक्ष की रिपोर्ट
**CHAIRMAN'S REPORT**

# न्यासी मंडल

| न्यासी का नाम | प्रतिनिधित्व |
|---|---|
| श्री अनिल डिग्गीकर, भा.प्र.से. | अध्यक्ष (दिनांक 22.02.2018 तक) |
| श्री नीरज बंसल, भा.रा.से. | उपाध्यक्ष एवं प्रभारी अध्यक्ष ( दिनांक 22 फरवरी, 2018 से) |
| श्री वरुण मित्रा, भा.प्र.से.<br>संयुक्त सचिव | पोत परिवहन मंत्रालय के प्रतिनिधि (मई, 2017 से अक्तूबर, 2017 तक) |
| श्री आर.के.अग्रवाल, भा.प्र.से.<br>संयुक्त सचिव | पोत परिवहन मंत्रालय के प्रतिनिधि (नवम्बर, 2017 से) |
| श्रीमती मालिनी वी. शंकर, भा.प्र.से.<br>नौवहन महानिदेशक | नौवहन महानिदेशालय की प्रतिनिधि (मई, 2017 से) |
| श्री शशि शेखर, भा.प्र.से.<br>विशेष सचिव | पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के प्रतिनिधि (मई, 2017 से) |
| श्री मनोज कुमार सिंह, भा.प्र.से.<br>संयुक्त सचिव | पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के प्रतिनिधि (जून, 2017 से) |
| श्री रितेश कुमार सिंह, भा.प्र.से.<br>संयुक्त सचिव | पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के प्रतिनिधि (दिसंबर, 2017से) |
| श्री भूषण गगरानी, भा.प्र.से.<br>उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सिडको) | महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधि (मई, 2017 से) |
| श्री श्याम सुंदर गुप्ता<br>मुख्य माल यातायात प्रबंधक, मध्य रेल | भारतीय रेल के प्रतिनिधि (मई, 2017 से) |
| डॉ जॉन जोसेफ, भा.रा.से.<br>प्रधान सीमा शुल्क आयुक्त, (मुंबई-II) | सीमा शुल्क विभाग के प्रतिनिधि (मई, 2017 से अक्तूबर 2017 तक) |
| श्री विवेक जोहरी, भा.रा.से.<br>प्रधान सीमा शुल्क आयुक्त, (मुंबई-II) | सीमा शुल्क विभाग के प्रतिनिधि (जनवरी, 2018 से) |

## BOARD OF TRUSTEES



| NAME | REPRESENTING |
|---|---|
| Shri Anil Diggikar, IAS | Chairman (up to, 22.02.2018) |
| Shri Neeraj Bansal, IRS | Dy. Chairman & Chairman In charge (From 22nd Feb.2018) |
| Shri BarunMitra, IAS<br>Joint Secretary. | Representing Ministry of Shipping (from May, 2017 to Oct 2017) |
| Shri R. K. Agarwal, IAS<br>Joint Secretary. | Representing Ministry of Shipping (from Nov, 2017) |
| Smt. Malini V. Shankar, IAS<br>Director General of Shipping | Representing Director General of Shipping (From May, 2017) |
| Shri Shashi Shekhar, IAS<br>Special Secretary | Ministry of Environment Forest & Climate Change. (from May 2017) |
| Shri Manoj Kumar Singh, IAS<br>Joint Secretary | Ministry of Environment Forest & Climate Change.(from June 2017) |
| Shri Ritesh Kumar Singh, IAS<br>Joint Secretary | Ministry of Environment Forest & Climate Change. (from Dec 2017) |
| Shri Bhushan A. Gagarani, IAS<br>Vice Chairman & MD (CIDCO) | Representing Govt. of Maharashtra(from May 2017) |
| Shri ShyamSundar Gupta<br>Chief Freight Traffic Manager,<br>Central Railway | Representing Indian Railway(from May 2017) |
| Dr. John Joseph, IRS<br>Chief Commissioner of Customs,<br>(Mumbai –II) | Representing Department of Customs, (from May 2017 to Oct.,2017) |
| Shri VivekJohri, IRS<br>Chief Commissioner of Customs,<br>(Mumbai –II) | Representing Department of Customs, (from January 2018) |

# न्यासी मंडल

| न्यासी का नाम | प्रतिनिधित्व |
|---|---|
| कॉमोडोर ए.के. अग्रवाल<br>नौसेना प्रभारी (महाराष्ट्र) | रक्षा सेवाओं के प्रतिनिधि (मई, 2017 से दिसंबर 2017 तक) |
| कॉमोडोर सुशील दास<br>नौसेना प्रभारी (महाराष्ट्र) | रक्षा सेवाओं के प्रतिनिधि (जनवरी, 2018 से) |
| उपमहानिरीक्षक केबीएल भटनागर | तटरक्षक बल के प्रतिनिधि (मई, 2017 से) |
| श्री दिनेश काशीनाथ पाटिल | पत्तन श्रमिकों के प्रतिनिधि (मई, 2017 से) |
| श्री रविंद्र रामदास पाटिल | पत्तन श्रमिकों के प्रतिनिधि (मई, 2017 से) |
| श्री महेश रतनलाल बालदी | अन्य हितों के प्रतिनिधि (मई, 2017 से) |
| श्री प्रमोद एस. जठार | अन्य हितों के प्रतिनिधि (मई, 2017 से) |
| श्री विवेक देशपांडे | अन्य हितों के प्रतिनिधि (मई, 2017 से) |
| प्रो. राजेश बागड़ी | अन्य हितों के प्रतिनिधि (मई, 2017 से) |

# BOARD OF TRUSTEES


| NAME | REPRESENTING |
|---|---|
| Cmde A. K. Agarwal<br>Naval Office-in-Charge<br>( Maharashtra ) | Representing Defense Services(from May 2017 to Dec., 2017) |
| Cmde Sushil Das<br>Naval Office-in-Charge<br>(Maharashtra ) | Representing Defense Services(from January 2018) |
| DIG KBL Bhatnagar | Representing Coast Guard. (from May 2017) |
| Shri Dinesh Kashinath Patil | Representing Labour Employed in the Port (from May 2017) |
| Shri Ravindra Ramdas Patil | Representing Labour Employed in the Port (from May 2017) |
| Shri Mahesh Ratanlal Baldi | Representing Other Interests(from May 2017) |
| Shri Pramod S. Jathar | Representing Other Interests (from May 2017) |
| Shri Vivek Deshpande | Representing Other Interests(from May 2017) |
| Prof. Rajesh Bagdi | Representing Other Interests(from May 2017) |

# प्रधान अधिकारी

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री अनिल डिग्गीकर, भा.प्र.से. | अध्यक्ष (दिनांक 22 फरवरी 2018 तक) |
| 2 | श्री नीरज बंसल, भा.रा.से. | उपाध्यक्ष एवं प्रभारी अध्यक्ष ( दिनांक 22 फरवरी, 2018 से) |
| 3 | श्री शिशिर श्रीवास्तव, भा.रा.से. | मुख्य सतर्कता अधिकारी |
| 4 | श्री नरेश कुमार | मुख्य प्रबंधक (प्रशासन) एवं सचिव (दिनांक 31 जुलाई, 2018 तक) |
| 5 | श्री एन के कुलकर्णी | प्रभारी मुख्य प्रबंधक (प्रशासन) एवं सचिव (दिनांक 4 अगस्त, 2017 से 13 मार्च, 2018 तक) |
| 6 | श्री जे बी ढवले | मुख्य प्रबंधक (प्रशासन) एवं सचिव (दिनांक 14 मार्च 2018 से ) |
| 7 | श्री एस. मदभावी | मुख्य प्रबंधक (पयोवि) |
| 8 | डा. सी. उन्नीकृष्णन नायर | मुख्य प्रबंधक (यातायात) |
| 9 | श्री एस एम शेट्टी | प्रभारी मुख्य प्रबंधक (सामग्री एवं विद्युत अभियांत्रिकी) |
| 10 | श्री संजय गांगण | मुख्य प्रबंधक (वित्त) |
| 11 | कप्तान अमित कपूर | उप संरक्षक |
| 12 | कप्तान बी.एस.कुमार | हार्बर मास्टर (जून 2017 तक) |
| 13 | कप्तान निशिथ | हार्बर मास्टर |

**पत्तन कार्यालय, शेवा**
प्रशासन भवन,
शेवा, नवी मुंबई - 400 707
दूरभाष सं. 022 - 27244025
फैक्स सं. 022 - 27244020
**वेबसाइट :** http://www.jnport.gov.in

## PRINCIPAL OFFICER

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Shri Anil Diggikar, IAS | Chairman (Upto 22nd Feb.2018) |
| 2 | Shri Neeraj Bansal, IRS | Dy. Chairman & Chairman I/c (From 22nd Feb.2018) |
| 3 | Shri Shishir Srivastava, IRS | Chief Vigilance Officer |
| 4 | Shri Naresh Kumar | Chief Manager (Admn) & Secy. (Upto 31st July, 2018) |
| 5 | Shri N. K. Kulkarni | Chief Manager (Admn) &Secy i/c (From 4th August 2017 to 13th March,2018) |
| 6 | Shri J.B. Dhawale | Chief Manager (Admn) & Secy. (From 14th March, 2018) |
| 7 | Shri S. Madbhavi | Chief Manager (PPD) |
| 8 | Dr. C. Unnikrishnan Nair | Chief Manager (Traffic) |
| 9 | Shri. S.M. Shetty | Chief Manager (M&EE)I/c |
| 10 | Shri Sanjay Gangan | CM (Finance) |
| 11 | Capt. Amit Kapoor | Dy. Conservator |
| 12 | Capt. B.S. Kumar | Harbour Master (Upto June 2017) |
| 13 | Capt. Nishith | Harbour Master |

**PORT OFFICE, SHEVA**
Administration Building
Sheva, Navi Mumbai – 400 707
Tel. No. 022 27244025
Fax No. 022 27244020
Web site :http://www.jnport.gov.in

# अध्यक्ष की रिपोर्ट



1 जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास की वर्ष 2017-18 की प्रशासन रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है।

2.0 पत्तन ने वर्ष 2017-18 के दौरान 4.83 मिलियन टीईयू का प्रहस्तन करके कंटेनर प्रहस्तन में अपना अग्रणी स्थान बनाए रखा है। वर्ष के दौरान पत्तन ने 66.00 मिलियन टन कार्गो का प्रहस्तन किया जबकि पिछले वर्ष 62.15 मिलियन टन का प्रहस्तन किया गया था। पिछले वर्ष की तुलना में कंटेनर यातायात 7.41 % बढ़ गया है। दो बीओटी प्रचालकों, यथा - एनएसआईसीटी और एपीएमटी के यातायात में टीईयू के संदर्भ में 48.14% और 13.13% की तथा टनों में 49.14% और 14.3% की वृद्धि हुई है। टीईयू के संदर्भ में जनेप कं.ट और एनएसआईसीटी के कारोबार में 3.4 % और 12.00 % और टनों में 9.45 % और 11.5 % कमी आई है। पिछले वर्ष के तुलना में बल्क कार्गो यातायात में भी 6.78 % वृद्धि हुई है ।

कुल मिलाकर, पिछले वर्ष प्रहस्तित 4.5 मिलियन टीईयू की तुलना में जने पत्तन ने इस वर्ष 4.83 मिलियन टीईयू का प्रहस्तन किया। इसमें से 1.48 मिलियन टीईयू का प्रहस्तन जनेप कं.ट. द्वारा (30.66%), 0.64 मिलियन टीईयू एनएसआईसीटी द्वारा (13.26%), 0.66 मिलियन टीईयू एनएसआईजीटी द्वारा (13.64%) एपीएम टर्मिनल्स की हिस्सेदारी 2.03 मिलियन टीईयू (41.96%) तथा शेष 0.02 मिलियन टीईयू (0.48 %) प्रहस्तन बीएमसीटी द्वारा किया गया । जने पत्तन द्वारा वर्ष 2017-18 में देश के सभी महापत्तनों द्वारा प्रहस्तित कुल कंटेनर यातायात के 52.91 प्रतिशत कंटेनर यातायात का प्रहस्तन किया है।

**3.0 इस वर्ष के दौरान निम्नलिखित विकास परियोजनाओं का कार्यान्वयन किया गया :**

**3.1 जने पत्तन में चौथे कंटेनर टर्मिनल का विकास :**

मेसर्स भारत मुंबई कंटेनर टर्मिनल प्रा.लि. (बीएमसीटीपीएल) को एक छूट करार के माध्यम से दि. 06 मई, 2014 को डीबीएफओटी आधार पर चौथे कंटेनर टर्मिनल के विकास का कार्य सौंपा गया था। कार्य सौंपने की तारीख 22 दिसंबर, 2014 थी। बीएमसीटीपीएल पत्तन क्षेत्र में भारत की विदेशी निवेश की सबसे बड़ी परियोजना है जिसमें अनुमानित निवेश रु.7,935 करोड़ है, जो आठ वर्षों में तथा दो चरणों में (चरण I रु. 4719 करोड़ तथा चरण II रु. 3196 करोड़) पूरा होगा।

इस परियोजना में दो चरण हैं, प्रत्येक चरण में 1 कि.मी. के घाट का निर्माण, घाट पर 16.5 की गहराई, 12 घाट क्रेनें, 46 आरटीजी यार्ड क्रेनें तथा रेल यार्ड के लिए 4 आरएमजीसी क्रेनें शामिल हैं जिससे क्षमता में 2.4 मिलियन टीईयू (कुल 4.8 मिलियन टीईयू ) की वृद्धि होगी ।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहले चरण का कार्य दि.22 दिसम्बर, 2017 को पूरा हो चुका है तथा इस पर प्रचालन भी आरंभ हो चुका है ।

**3.2 तटीय घाट का विकास**

भारत सरकार ने तटीय नौवहन को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक महापत्तन में एक तटीय घाट का निर्माण करने का निर्णय लिया है वहाँ कार्गो प्रहस्तन सीमाशुल्क तथा आप्रवास औपचारिकता से मुक्त होगा । तद्नुसार जनेप न्यास ने प्रतिवर्ष 2.5 मीट्रिक टन क्षमता के साथ 250 मीटर लंबे घाट तथा 11 हेक्टेयर के बैकअप क्षेत्र का निर्माण करने का निर्णय लिया । यह कार्य मेसर्स आरकेईसी प्रोजेक्ट्स लि. को उनके द्वारा उद्धृत 143.32 करोड़ (सेवा कर को छोड़कर) की लागत पर सौंपा गया है । दि.18 अप्रैल, 2017 को पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त होने तथा दि.24 अप्रैल, 2017 को कार्य आरंभ करने की नोटिस जारी करने के बाद कार्य आरंभ किया गया। परियोजना के लिए कार्य समापन की अवधि मानसून तथा सामग्री जुटाने की अवधि को छोड़कर 24 महीने है । परियोजना के पूर्ण होने की निर्धारित तारीख 23 मई, 2020 है । कार्य प्रगति पर है और 15 मई, 2018 तक 18 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है ।

**3.3 सड़क सम्पर्क तथा आधारिक संरचना की परियोजनाओं का विकास बुनियादी ढांचे का विकास**

**• यातायात की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जनेप न्यास ने निम्नलिखित परियोजनाएँ हाथ में ली हैं :**

# CHAIRMAN'S REPORT



**1.** I have great pleasure in presenting the Administration Report of Jawaharlal Nehru Port Trust for the year 2017-18.

**2.0** JNPT has maintained its premier position in container handling by achieving a throughput of 4.83 million TEUs of containers during 2017-18. During the year, the port handled 66.00 million tonnes of cargo as compared to 62.15 million tonnes during the previous year. The Container Traffic increased by 7.41% as compared to previous year. Two BOT operators, NSIGT and APMT have shown a growth of 48.14% and 13.13% in terms of TEUs and 49.14% and 14.3% in terms of tonnage respectively. The throughput at JNPCT and NSICT declined by 3.4% and 12.00% in terms of TEUs and 9.45% and 11.5% in terms of tonnes. The Traffic of bulk cargo also increased by 6.78% as compared to previous year.

In all, against 4.5 million TEUs handled in the previous year, JN Port handled 4.83 Million TEUs. The share of JNPCT was 1.48 million TEUs (30.66%), NSICT 0.64 Million TEUs (13.26), NSIGT0.66 Million TEUs(13.64%) , APMT 2.03 million TEUs (41.96%), and the remaining 0.02 million TEUs (0.48%) were contributed by M/s. BMCTPL. The container traffic handled by JN Port accounts for 52.91% of the total of the TEUs container handled by all Major Ports in the country in 2017-18.

**3.0 The following development projects were under implementation during the year:**

**3.1 Development of Fourth Container Terminal at JNPT.**

M/s Bharat Mumbai Container Terminals Pvt. Ltd. (BMCTPL) was awarded the development of Fourth Container Terminal on DBFOT basis through a Concession Agreement on 6th May 2014. The date of award was 22nd Dec. 2014. BMCTPL is India's largest FDI project in the Port Sector, with an estimated investment, of INR Rs.7,935 crores spread over eight years for two phases (Phase I Rs.4719 crores and Phase II Rs.3196 crores).

The project comprises two phases – each phase comprises 1 Km of quay line, 16.5 mtrs depth at berth, 12 quay cranes, 46 RTG Yard cranes and 4 RKGC cranes for its rail yard generating a capacity of 2.4 Million TEU (total 4.8 MTEU).

As per schedule, the work of Phase I was completed on 22nd December 2017 and the Terminal put to in operation.

**3.2 Development of Coastal Berth :**

In order to give momentum to coastal shipping, Govt. of India has decided to have coastal vessel berth in every major port where cargo handling shall be free from custom and immigration formalities. Accordingly, JNPT has decided to construct coastal berth with quay length of 250 mtr and back up area of 11 Hector with capacity of 2.5 MTPA. The work is awarded to M/s. RKEC Project Ltd. at their quoted price of Rs. 143.32 Crores and the work was commenced after receipt of Environmental clearance dated 18.04.2017 and notice to commence dated 24.04.2017. The 26% work has been completed at work is scheduled to be completed by 23rd May, 2020.

**3.3 <u>Road Connectivity & Development of Infrastructure Projects :</u>**

**Infrastructure Development :**

**a) Widening of Existing Container Road towards East**

# अध्यक्ष की रिपोर्ट

मौजूदा कंटेनर रोड को 'वाय' जंक्शन के पूर्व दिशा की ओर उत्तरी गेट परिसर तक चौड़ा बनाना [प्रस्तावित स्वतंत्र कंटेनर टर्मिनल (डीपी वर्ल्ड टर्मिनल तक 330 मीटर विस्तार) के लिए निकास मार्ग.: इस परियोजना की लागत 98.24 करोड़ है। भाग-क के तहत अनुमति प्राप्त करने के बाद कार्य आरंभ होगा और 18 महीनों की अवधि में वह कार्य पूरा होने के बाद भाग-ख का कार्य आरंभ होगा । कच्छ वनस्पतियों को हटाने के लिए उप- वन संरक्षक अलिबाग तथा जिलाधिकारी, रायगड़ को दि.22.09.2017 को प्रस्ताव भेजा गया है । उप-वन संरक्षक, रायगड द्वारा इस बारे में प्रश्न उठाने के बाद दि.07.11.2017 को प्रस्ताव पुनःप्रस्तुत किया गया । इस बारे में अनुमति की प्रतीक्षा है ।

- **कंटेनर रोड पर उत्तरी गेट परिसर के नजदीक फ्लाय ओवर का निर्माण :-** यह कार्य दि.1 मार्च, 2017 को रु.127.45 करोड़ की लागत पर सौंपा जा चुका है। कार्य प्रगति पर है तथा कार्य समापन की अवधि 24 महीने है।

- **वाय जंक्शन पर फ्लाय ओवर का निर्माण :-** यह कार्य दि.31 मार्च, 2017 को रु.82.95 करोड़ की लागत पर सौंपा जा चुका है। कार्य प्रगति पर है तथा कार्य समापन अवधि 18 महीने है।

**3.4 सड़क संपर्क को 6/8 लेन का बनाना : भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ( एनएचएआई ), जेएनपीटी तथा सिड़को की एक विशेष उद्देश्य कंपनी मुंबई-जेएनपीटी पोर्ट रोड कंपनी लि. के माध्यम से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कार्यान्वयन ।**

**पत्तन के राजमार्गो को चौड़ा बनाना :**

भविष्य की यातायात की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ज ने पत्तन ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग 4 बी, राज्य मार्ग-54 तथा आम्र मार्ग को दो लेन के सेवा मार्गों के साथ 6/8 लेन का बनाने की कुल 43.91 किलोमीटर की परियोजना का कार्य भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), जेएनपीटी तथा सिड़को के बीच गठित एक विशेष उद्देश्य कंपनी को सौंपा है । परियोजना को चार सिविल पैकेजों में अभियांत्रिकी, प्रापण तथा निर्माण (ईपीसी) आधार पर पूरा किया जाएगा। उक्त चार पैकेजों के लिए कार्य अक्तूबर, 2015 में सौंपा गया है और इस वर्ष के अंत तक यह कार्य पूरा होने की संभावना है ।

**अनुमानित/सौंपे गए कार्य की लागत :**
रु.2,935.91 करोड़ / रु.2,051.71 करोड़

अनुमानित क्षमता : क्षमता में कोई वृद्धि नहीं । लेकिन इस परियोजना से यातायात की तेज निकासी में सहायता होगी जिसके परिणामस्वरूप वर्तमान टर्मिनलों तथा चौथे कंटेनर टर्मिनल से उत्सर्जित कार्गो प्रहस्तन की क्षमता में वृद्धि होगी ।
कार्य आदेश जारी करने की तारीख : 10.10.2015
परियोजना का समापन : 10.10.2018
भूमि अधिग्रहण की समस्या के कारण परियोजना पूर्ण होने में विलंब हुआ है ।

नोटः भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कार्यान्वयन एजेंसी है। इस परियोजना का वित्त पोषण जनेप न्यास द्वारा किया जा रहा है। तथापि, विशेष उद्देश्य कंपनी के भागीदार होने के नाते जनेप न्यास द्वारा परियोजना की प्रगति की नियमित निगरानी की जाएगी तथा उसकी सूचना पोत-परिवहन मंत्रालय को दी जाएगी।

पत्तन ने इस परियोजना का वित्त पोषण 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर का बाह्य व्यावसायिक ऋण (ईसीबी) लेकर करने का निर्णय लिया है। ईपीसी ठेकों का कार्य आरंभ करने के संबंध में भूमि अधिग्रहण, उपयोगिता सेवाओं का स्थानांतरण, वन विभाग की मंजूरी आदि मुद्दों को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा हल किया जा रहा है। अक्तूबर, 2016 से कार्यस्थल पर कार्य पूरे ज़ोर से शुरू हो चुका है।

**3.5 पत्तनों का आधुनिकीकरण :-**
**क ) विशेष आर्थिक क्षेत्र**

देश के प्रमुख कंटेनर पत्तन-जनेपन्यास ने नवी मुंबई में अपने स्वामित्व वाली 277 हेक्टयर भूमि में बहुउत्पाद विशेष आर्थिक क्षेत्र स्थापित किया है जिसके लिए औपचारिक स्वीकृति और संबन्धित अनुपालन पहले से ही पूरे हो चुके हैं। बहुउत्पाद पत्तन आधारित विशेष आर्थिक क्षेत्र का लक्ष्य पत्तन आधारित औद्योगिकीकरण को सक्षम करके निर्यात को बढ़ावा देना है। पत्तन ने 277 हेक्टयर भूमि में पत्तन आधारित विशेष आर्थिक क्षेत्र का विकास का कार्य आरंभ किया है। मूलभूत बुनियादी संरचनाओं का विकास करने के लिए रु.476 करोड़ का अभियांत्रिकी,प्रापण तथा निर्माण(ईपीसी) ठेका दिनांक 07/10/2016 को दिया गया और कार्य प्रगति पर है ।

पूर्ण रूप से अधिग्रहण के बाद विशेष आर्थिक क्षेत्र से 7,000 करोड़ का निवेश होने की आशा है और इस क्षेत्र में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के 1.25 लाख अवसर उत्पन्न होंगे। विशेष आर्थिक क्षेत्र से अन्य क्षेत्रों के अलावा लॉजिस्टिक्स, कच्चे माल के प्रसंस्करण और रखरखाव और समर्थन सेवाओं जैसे हाउसकीपिंग, अकाउंटिंग और विधिक क्षेत्रों में पूरी औद्योगिक मूल्य श्रृंखला में रोजगार के अवसर निर्माण करने की उम्मीद है ।

जनेप न्यास ने जनवरी 2018 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) की कंपनियों को विशेष आर्थिक क्षेत्र में निविदासह-नीलामी प्रणाली के जरिए 15 एकड़ भूमि में से पहले 6 भूमि खंड आवंटित करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है । यह कंपनियां खाद्य प्रसंस्करण, कृषि वस्तुओं और अभियांत्रिकी जैसे रोजगार गहन क्षेत्रों में काम कर रही हैं ।

विशेष आर्थिक क्षेत्र परियोजनाओं में महाराष्ट्र में निर्यात उन्मुख सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) द्वारा निरंतर रुचि दिखाई जा रही है । आज तक 50 कंपनियों ने विशेष आर्थिक क्षेत्र में अपनी इकाइयों की स्थापना करने के लिए रुचि व्यक्त की है । फिलहाल, जनेप न्यास मुक्त व्यापार क्षेत्र और अन्य छोटी 11 इकाइयां स्थापित करने के लिए भूमि आबंटित करने के लिए निविदा प्रक्रिया में है और प्रक्रिया अगस्त / सितंबर 2018 तक पूरी होने की संभावना है । बाद में बड़े भूमि क्षेत्र के लिए समय के अनुसार निविदा प्रक्रिया की जाएगी। इन कंपनियों से 500 करोड़ का निवेश किए जाने की उम्मीद है और लगभग 10,000 से 15,000 लोगों को तत्काल रोजगार प्रदान किया जा सकेगा ।

कई वैश्विक दिग्गजों (फॉक्सकॉन, डीपी वर्ल्ड, एसबी एनर्जी - जीसीएल, एसेंड्स, और इंडोस्पेस) ने इस परियोजना में रुचि व्यक्त की है और उन्होंने समयबद्ध तरीके से रोजगार और निवेश के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई हैं । जनेप न्यास ने इन कंपनियों के साथ उनके हितों पर चर्चा जारी है ।

जनेप न्यास- एसईजेड महाराष्ट्र सरकार की विशेष आर्थिक क्षेत्र परियोजना के लिए दिसंबर 2017 से विशेष योजना प्राधिकरण(एसपीए) है। यह विशेष आर्थिक क्षेत्र में कंपनियों के लिए स्थापना समय और लागत को कम करने में मदद करेगा जिससे 'व्यवसाय में सुगमता' को बढ़ावा मिलेगा ।

## CHAIRMAN'S REPORT

**Side of 'Y' Junction to North Gate Complex. [Evacuation road for proposed standalone container terminal (330m extension to DPW terminal)]:-** The Project cost is Rs.98.24 crores. Commencement of work would start after obtaining the permission under Part-A & completing the same in 18 months' time thereafter under Part-B. The proposal for removal of Mangroves is submitted to DCF Alibaug& Collector Raigad on 22.09.2017. After the raising of query by DCF Alibaug, the same is resubmitted on 07.11.2017 Permission awaited.

**Construction of Fly Over near North Gate Complex on Container Road:-** The work was awarded on 1st March 2017 at a cost of Rs.127.45 crores. Work is in progress and completion period is 24 months.

- **Construction of flyover at Y junction:-** The work was awarded on 31st March 2017 at a cost of Rs.82.95 crores and the same is in progress. Completion period is 18 months.

3.4 **Road Connectivity 6/8laning: Implementing agency NHAI through SPV viz. M/s Mumbai JNPT Port Road Company Ltd. of JNPT, NHAI & CIDCO.**

**Widening of Port Highways**

To cater to the future traffic, JN Port, through NHAI, has awarded the work of widening of 43.9 Kms. length of NH 4B, SH 54 and Amra Marg Linkages to 6 / 8 lanes along with two lane service roads by SPV formed by JNPT, NHAI and CIDCO. This project will be executed on EPC mode in 4 civil packages. The work for all four packages was awarded in October 2015 and it is expected that the widened highways will be ready in this year.

**Estimated/Awarded cost :**
Rs. 2,935.91 Crores / Rs.2,051.71 Crores

Estimated capacity : No capacity addition. However, this project will help in faster evacuation of traffic resulting in increase in efficiency of handling of cargo, generated by existing terminal & 4th CT.
Issuance of Work Order : 10.10.2015
Completion of the Project : 10.10.2018
The project is delayed due to land acquisition issues.

Note: The implementing agency is NHAI. The project is being funded by JNPT. However being SPV partner, JNPT will monitor the progress of the project regularly and inform the MOS.

The Port has decided to finance the project by securing 400 million dollars through ECB. As regard the commencement of the EPC contracts certain issues such as Land Acquisition, shifting of utilities, forest clearance,etc are being sorted out by NHAI. The work at site has commenced in full swing from Oct., 2016.

3.5 **Modernization of Ports:-**

**a) Special Economic Zone - SEZ**

JNPT, the premier container port in the country, has setup a multi-product Special Economic Zone (SEZ) in its free-hold land of 277 hectares at Navi Mumbai, for which formal approval has been received and SEZ related compliances have been completed. The multi-product 'Port based SEZ' aims to boost exports by enabling port-led industrialization. The Port has taken up the work of development of Port Based SEZ in 277 hectares. The EPC contract to develop basic infrastructure at cost of Rs. 476 Crores was awarded on 07.10.2016 and the work is in progress.

The SEZ once occupied is expected to generate Rs 7,000 Cr of investments and provide direct and indirect jobs to 1.25 lac in the region. The SEZ is expected to create jobs in the entire industrial value chain in the region across sectors like logistics, raw material processing, and maintenance & support services like housekeeping, accounting and legal, among others.

In Jan 2018, JNPT achieved a key milestone by allocating the first 6 land parcels in the SEZ, totaling 15 acres, to companies from the Micro, Small and Medium Enterprise (MSME) segment via. Tender-cum-auction methodology. These companies are working in employment intensive sectors like Food Processing, Agro commodities and Engineering.

The SEZ project continues to receive strong interest from export oriented MSMEs in Maharashtra. As on date, 50 companies have expressed interest in setting up units in the SEZ. Currently, JNPT is in process of tendering for allocating of land to create FTWZ and other small 11 units and the process is likely to be completed by August / September 2018. Further tendering for large size area will be processed in due course of time. These companies alone are expected to generate investment in the tune of Rs 500 crores and will provide immediate employment to about 10,000 – 15,000 people.

Several global giants (Foxconn, DP World, SB Energy - GCL, Ascends, and Indospace) have also expressed interest in the project and are committing to generation of employment and investment in a time bound manner. Discussions with these companies on their interest are going on.

JNPT- SEZ isthe Special Planning Authority (SPA) from December 2017 for the SEZ project. This will further help in reducing the setup time and cost for companies in the SEZ thus facilitate essence of the “Ease of doing business”.

# अध्यक्ष की रिपोर्ट

**ख ) ड्राय पोर्ट का विकासः -** आंतरिक क्षेत्रों में यातायात को बढ़ावा देने के लिए जालना, वर्धा, नासिक और सांगली में ड्राय पोर्ट विकसित करने का निर्णय लिया गया है । जालना और वर्धा में काम शुरू किया गया है । नासिक और सांगली ड्राय पोर्ट योजना चरण में हैं ।

## 3.6 मुंबई हार्बर चैनल और जने पत्तन चैनल को गहरा और चौड़ा बनाना

- वर्तमान में ज ने पत्तन ज्वार का लाभ उठाकर 14 मीटर डुबाववाले अर्थात 6,000 टीईयू क्षमता वाले जलयानों का प्रहस्तन कर रहा है । इसे चरण-I के तहत तथा रु.1500 करोड़ की लागत से पूरा किया गया । यह कार्य अप्रैल, 2014 में पूरा किया गया ।

- दुनिया भर में कंटेनर कार्गो की मात्रा तथा कंटेनर जलयानों के बेड़े में वृद्धि को देखते हुए ज ने पत्तन ने मौजूदा चैनल को 14.00 से 15.00 मीटर तक गहरा तथा अधिक चौड़ा बनाकर चौड़े बीम और अधिक गहराई के नए जनरेशन के 12,500 टीईयू क्षमता वाले बड़े आकार के कंटेनर जलयानों का नौचालन करने का निर्णय लिया है। परियोजना की अनुमानित लागत लागू सेवा कर सहित 2,306 करोड़ है। चैनल को गहरा और चौड़ा बनाने के कारण 1.67 मिलियन टीईयू अतिरिक्त यातायात बढ़ने की आशा है।

प्रस्ताव में मौजूदा चैनल को सीधी पहुँच के लिए 370 मीटर से 450 मीटर तक चौड़ा करने का मुख्य निकर्षण कार्य शामिल है । चैनल को मौजूदा 33.5 किलोमीटर से 35.5 किलोमीटर तक बढ़ाया जाएगा, चैनल की गहराई भी मौजूदा 14 मीटर से 15 मीटर तक बढ़ाई जाएगी और 1.73 मिलियन घन मीटर चट्टान के निकर्षण सहित अनुमानित निकर्षण की मात्रा कुल 35.03 मिलियन घन मीटर होगी । निकर्षण कार्य में कटर सक्शन ड्रेजर (सीएसडी) लगाने से पूर्व खुदाई और विस्फोट के जरिये किए जानेवाले पूर्व उपचार सहित ट्रेलर सक्शन हौपर ड्रेजर (टीएसएचडी) और कटर सक्शन ड्रेजर (सीएसडी) के द्वारा किया जानेवाला मिट्टी का निकर्षण और चट्टानों का निकर्षण शामिल है ।

उक्त कार्य को पोत-परिवहन मंत्रालय से अनुमोदन और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय से पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त होने के बाद 31 मार्च, 2017 को मेसर्स बोस्कालिस स्मिट इंडिया को दिया गया । इस परियोजना के लिए ठेका अवधि कार्य के सौपे जाने की तिथि से 24 माह तक है । ठेके को एकमुश्त आधार पर दिया गया है । कार्य आरंभ के लिए ठेकेदार को दिनांक 10 अप्रेल, 2017 को नोटिस दिया गया है । ठेके के अनुसार ठेकेदार ने मैग्नेटोमीटर सर्वेक्षण के साथ निकर्षण पूर्व सर्वेक्षण का कार्य दिनांक 1 मई, 2017 को आरंभ किया तथा 2 जून, 2017 को पूरा किया। ड्रेजर के लिए आवश्यक मंजूरी प्राप्त होने के बाद दिनांक 2 सितंबर, 2017 को मिट्टी निकर्षण का कार्य आरंभ किया गया । ड्रेजर की हौपर क्षमता 32000-35000 घन मीटर है । चट्टान निकर्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है और मिट्टी निकर्षण का कार्य प्रगति पर है ।

## 3.7 जनेप परियोजना प्रभावित व्यक्तियों को 12.5 प्रतिशत भूमि आबंटन योजना के तहत भूखंडों का आबंटन

1. सिड़को द्वारा पहला ड्रॉ दि.27 दिसंबर, 2016 को सिड़को भवन, सीबीडी-बेलापुर, नवी मुंबई में ई-लॉटरी के माध्यम से निकाला गया था। पहले ड्रॉ में कुल 3524 धारकों में से 149 धारकों को 25 भूखंडों का आबंटन किया गया।

2. सिड़को द्वारा दूसरा ड्रॉ दि.1 मार्च, 2017 को सिड़को भवन, सीबीडी-बेलापुर में ई-लॉटरी के माध्यम से निकाला गया जिसमें 322 धारकों को 35 भूखंडों का आबंटन किया गया ।

3. सिड़को द्वारा दि. 27 नवंबर, 2017 को सिड़को भवन, सीबीडी-बेलापुर में ई-लॉटरी के माध्यम से तीसरा ड्रॉ निकाला गया था जिसमें 488 धारकों को 59 भूखंडों का आबंटन किया गया ।

## 3.8 अन्य आधारिक संरचनाओं का विकास

आधारिक संरचनाओं के विकास के तहत जनेप न्यास ने अप्रलेखित निर्यात कंटेनरों के लिए पार्किंग यार्ड बनाए हैं, सीमाशुल्क संबंधी प्रक्रिया पार्किंग क्षेत्र में ही पूरी करने के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई है, केंद्रीकृत पार्किंग प्लाज़ा परियोजना तथा सड़कों को चौड़ा बनाने का कार्य भी आरंभ हुआ है ।

**1. सीमाशुल्क प्रसंस्करण क्षेत्र का निर्माण**

जनेप न्यास ने सभी टर्मिनलों के लिए अप्रलेखित निर्यात कंटेनरों के लिए पार्किंग यार्ड बनाए हैं । पार्किंग क्षेत्र में ही सीमाशुल्क संबंधी मंजूरी देने तथा पत्तन प्रलेखीकरण पूर्ण करने के लिए इन पार्किंग यार्डों को दि.05.12.2016 से प्रसंस्करण क्षेत्र में परिवर्तित किया गया है । इस पार्किंग यार्ड के प्रचालन से यह सुनिश्चित होता है की केवल वही कंटेनर टर्मिनल गेट की ओर जाएँगे जिनके पास सीमा शुल्क का अनुमोदन है तथा जिनका प्रलेखन पूरा हो गया है।इससे पत्तन की सड़कों पर भीड़ कम तथा अनुशासित हुई है ।

**1. केंद्रीकृत पार्किंग प्लाजा का विकास**

जने पत्तन मौजूदा पार्किंग क्षेत्र के अलावा 45 हेक्टेयर भूमि पर केंद्रीकृत पार्किंग प्लाजा विकसित कर रहा है । केंद्रीकृत पार्किंग प्लाजा का कार्य मार्च 2017 में शुरू हुआ और इसके 18 महीनों में पूरा होने की उम्मीद है । यह एक ऐसी अत्याधुनिक एकीकृत सुविधा है जिसमें सीमा शुल्क मंजूरी, अप्रलेखित कंटेनर ट्रेलरों के लिए पार्किंग, ट्रक ड्राइवरों के लिए शयनकक्ष और ऑटो मरम्मत क्षेत्र शामिल हैं ।

**2. ई-आरटीजीसी की खरीदः**

जनेप कंटेनर टर्मिनल ने अपने 6 पुराने आरटीजीसी को बदलकर 15 नए ई-आरटीजीसी लगाए हैं । इससे घाट और क्रेन उत्पादकता में वृद्धि होगी जिससे यार्ड उत्पादकता में वृद्धि होगी और घुमाव समय में कमी आएगी या एक ही बेड़े पर बड़े पार्सल आकार के जलयानों को समायोजित किया जा सकेगा ।

## 3.9 निगमित सामाजिक दायित्व :

निगमित सामाजिक दायित्व के रूप में जनेप न्यास को अपने निवल लाभ का 2 प्रतिशत निगमित - निधि के लिए रखना होता है। तदनुसार, जनेप न्यास ने वर्ष 2017-18 के लिए रु. 17.5 करोड़ का प्रावधान किया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं:

**1 ) जलयुक्त शिवार कार्य :** महाराष्ट्र सरकार से प्राप्त अनुरोध के अनुसार जनेप न्यास को निगमित - निधि का उपयोग महाराष्ट्र के सूखा प्रभावित क्षेत्रों में जलयुक्त शिवार कार्य के लिए करना है। यह निधि निकर्षण,

## CHAIRMAN'S REPORT

**b) Developments of Dry Ports:-** To boost the hinterland traffic, it has been decided to develop Dry Ports at Jalana, Wardha, Nasik andSangali. The work at Jalna&Wardha has commenced. The dry Ports at Nasik and Sangali are at planning stage.

### 3.6 Deepening and Widening of Mumbai Harbour Channel and JN Port Channel

- At present, JN Port is handling vessels having a draft of 14 m i.e. 6,000 TEUs capacity by taking advantage of tidal window. This was done under phase-I work with cost of about Rs.1500 crores. The work was completed in April 2014.

- With increase in container cargo volume and increase in capacity of container carrying vessels fleet worldwide, JN Port has decided to navigate new generation bigger size container vessels with wider beam and deeper drafts by widening and deepening of the existing channel further from 14.0 to 15.0 m draft with vessel capacity of 12,500 TEU. The estimated cost of the project is Rs.2306 including applicable service tax. The additional traffic throughput expected is 1.67 Million TEUS due to deepening and widening of the channel.

The proposal includes capital dredging of the existing channel to be widened from existing 370 m to 450 m for straight reach, channel to be extended from existing 33.5 Km to 35.5 KM, draft of channel to be increased from existing 14 m draft to 15 m draft, estimated quantity to be dredged at the tune of 35.03 million cu.m including 1.73 million cu.m rock dredging. The scope of dredging work includes soil dredging and rock dredging by Trailer Suction Hopper Dredger (TSHD) and Cutter Suction Dredger (CSD) with pre-treatment by drilling and blasting before deployment of CSD respectively.

The subject work has been awarded to M/s Boskalis Smit India on 31st March 2017 after receipt of approval from Ministry of Shipping and Environmental Clearance from MOEF. The contract period for this project is 24 months from the date of award of work. The contract was awarded on lump sum basis. The commencement notice for the work was given to the contractor on 10th April 2017 in accordance with the contract and the contractor commenced pre-dredging survey along with magnetometer survey by 1st May 2017 and completed on 2nd June 2017. The dredging work commenced after receipt of requisite clearance for Dredger for soil dredging work on 2nd Sept, 2017 and the hopper capacities of the dredger is 32000- 35000 cum. The rock dredging work is completed and soil dredging work is in progress.

### 3.7 Allotment of plots to JNP PAPs under 12.5% land allotment scheme

1. The first draw of lots through E-lottery system was conducted by CIDCO on 27th December, 2016 at CIDCO Bhavan, CBD-Belapur, Navi Mumbai. In the first lot 149 award holders out of about 3524 award holders have been allotted 25 plots.

2. The second draw of lots through e-lottery system was undertaken by CIDCO Bhavan, CBD Belapur, on 1st March, 2017 wherein 322 award holders have been allotted 35 plots.

3. The third draw of lots through e-lottery system was undertaken by CIDCO Bhavan, CBD Belapur, on 27th November, 2017 wherein 488 award holders have been allotted 59 plots

### 3.8 Other Infrastructure Development

Under improvement of infrastructure, JNPT created parking yards for undocumented export containers, facilitated infrastructure for Customs for clearance in the Parking Yards, commenced the Centralized Parking Plaza Project and commenced widening of roads.

**i) Creation of Customs Processing Zones**

JNPT created parking yards for undocumented export containers for all terminals of JNPT. These parking yards were converted to processing areas w.e.f. 05-12-2016 as facility for Customs clearance and port documentation. The parking yard operation ensures that only containers that have received approval from Customs and are fully documented proceed to the terminal gate. This has brought in discipline at the port roads and contributed significantly in removing congestion.

**ii) Development of Centralized parking Plaza**

In addition to the existing parking areas at JN Port, Port is developing Centralized Parking Plaza, admeasuring 45 ha. The work of Centralized Parking Plaza commenced in March 2017 and it is expected to be completed in 18 months. It is a 'state of the art' integrated facility which includes Customs clearance, Parking for undocumented container trailers, Dormitories for truck drivers and Auto Repairs Zone.

**Iii) Procurement of e-RTGCs:**

JNP Container Terminal has added a 15 new e-RTGCs by replacing its 6 old RTGCs, This will enhance its yard productivity in terms of increase in Berth and Crane Productivity and reduction in Turn Round Time or otherwise accommodate bigger parcel size windows / vessels with the same fleet.

### 3.9 Corporate Social Responsibility:

As a part of CSR JNPT has to make the provision of 2% of the net profit for CSR fund. Accordingly JNPT has made provision of Rs. 17.5 Crores for the year 2017-18. The following activities have been undertaken under this programme :-

**I) JalyuktShiwarWork:** Requests were received from Government of Maharashtra JNPT to utilize CSR funds for JalyuktShiwar Work in drought affected areas of

# अध्यक्ष की रिपोर्ट

नालों/नदियों को चौड़ा और गहरा बनाने तथा मशीनों को किराए पर लेने के लिए खर्च की जाएगी। तदनुसार, जनेप न्यास को वर्धा, अमरावती, वाशिम, जलगांव, जालना, लातूर, उस्मानाबाद, नासिक के जिला कलेक्टरों से जारी करने के अनुरोध प्राप्त हुए। इसके अलावा डॉ बाबासाहेब अंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान- औरंगाबाद, माधव नेत्रालय आइ इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर-नागपुर, भवानी माता सेवा समितिनागपुर, हनुमान क्रीड़ा प्रसारक बहुउद्देशीय मण्डल-अकोट, गुलशन फ़ाउंडेशन-मुंबई, जे.के. ट्रस्ट –मुंबई, वरणसाई कल्याण आश्रम-महाराष्ट्र, श्री शिव छत्रपति प्रतिष्ठान-पुणे को वित्तीय सहायता दी गई। कुल रु.26.85 करोड़ का निधि जारी की गई ।

**3.10** स्वच्छ भारत अभियान के रूप में कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई तथा प्रशासन भवन, पत्तन क्षेत्र, अस्पताल, मोटर गैराज, कर्मशाला में स्वच्छता अभियान चलाए गए । विद्यालयों, पत्तन क्षेत्र, नगरक्षेत्र, विक्रय केंद्र में बैनर तथा पोस्टर लगाए गए । विद्यालयीन छात्रों द्वारा स्वच्छता पर एक रैली भी निकाली गई । स्वच्छ भारत अभियान के लिए चित्रकला तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं ।

वर्ष के दौरान कई गतिविधियाँ चलाई गईं जिनमें पौधारोपण, उद्यानों का सौंदर्यीकरण, सार्वजनिक भवनों की रँगाई, प्रशासन भवन, पत्तन प्रचालन भवन, प्रशिक्षण केंद्र, अतिथि गृह, पत्तन क्षेत्र, अस्पताल, विद्यालय परिसर, मोटर गैराज, भंडार आदि के कार्यालय परिसरों, शौचालयों, आहातों और सीढ़ियों की साफ सफाई और रख रखाव शामिल हैं । बेकार फ़र्निचर, विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का भी निपटान किया गया।

4.0 पत्तन की प्रचालन आय वर्ष 2017-18 में बढ़कर रु.1,890.88 करोड़ हो गई जो वर्ष 2016-17 में रु.1,700.97 करोड़ थी । वर्ष 2017-18 में प्रचालन व्यय 751.24 करोड़ रहा जबकि यह 2016-17 में 804.97 करोड़ था । 1000 करोड़ से अधिक प्रचालन लाभ प्राप्त किया गया अर्थात वर्ष 2017-18 में प्रचालन लाभ 1,139.64 करोड़ रहा जो पिछले वित्त वर्ष 2016-17 में 896 करोड़ था । वर्ष 2017-18 में कर पूर्व निवल लाभ बढ़ कर रु. 1,442.27 करोड़ रहा जबकि यह पिछले वर्ष 1,344.74 करोड़ था । कर पश्चात निवल लाभ वर्ष 2017-18 में बढ़ कर रु. 952.04 करोड़ रहा जबकि यह 2016-17 में रु. 879.32 करोड़ था ।

5.0 मैं यह कहना चाहूँगा कि उपर्युक्त उपलब्धियाँ अधिकारियों, कर्मचारियों, कर्मचारी संघों के सक्रिय सहयोग से ही संभव हो सकीं । यह उपलब्धियाँ पत्तन को संरक्षण और समर्थन देने वाली नौवहन लाइनों, नौवहन अभिकताओं, नौवाहकों, सीमा शुल्क भवन अभिकताओं, फ्रेट अग्रेषकों, कंटेनर वहन स्थानक प्रचालकों, आयातकों, निर्यातकों आदि सम्माननीय ग्राहक वर्ग के सहयोग के बिना भी प्राप्त होनी संभव नहीं थीं ।

6.0 मैं अपने महत्वपूर्ण निजी भागीदारों, जैसे गेटवे टर्मिनल्स (इंडिया) प्रा. लि., न्हावा शेवा इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल, भारत पैट्रोलियम कार्पोरेशन लि., द्वारा दिए गए सक्रिय सहयोग और समर्थन की भी विशेष रूप से सराहना करता हूँ । भारतीय कंटेनर कार्पोरेशन निगम, भारतीय रेल और सीमा शुल्क विभाग ने अधिक व्यापार करने में सहायता की । मैं स्थानीय जनता/निकायों और जिले के नागरी एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग की भी सराहना करता हूँ । आज जब पत्तन जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों पर सुरक्षा संबंधी खतरा निरंतर मंडरा रहा है, तब ऐसे समय में भी केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा पत्तन को सुरक्षा देने का कार्य प्रशंसनीय रूप से किया गया ।

7.0 मैं इस अवसर पर पत्तन के न्यासी मंडल के सभी न्यासियों का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने विभिन्न मामलों में निर्णय लेने में पत्तन का सहयोग और मार्गदर्शन किया जिससे पत्तन विभिन्न परियोजनाओं का कार्यान्वयन जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक कर सका । मैं माननीय केन्द्रीय पोत परिवहन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, माननीय पोत-परिवहन राज्यमंत्री, माननीय सचिव (पोत-परिवहन) और पोत-परिवहन मंत्रालय के अन्य अधिकारियों का भी बहुत ही आभारी हूँ जिनके निरंतर समर्थन, मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन से पत्तन देश में अपना अग्रणी स्थान बनाए रख सका ।

**( नीरज बंसल )**

# CHAIRMAN'S REPORT

Maharashtra. The funds will be utilized for desilting, deep CCT widening and Deeping of Nala's/River and hiring of Machinery. Accordingly, JNPT received requests from the District Collectors of Wardha, Amaravati, Washim, Jalgaon, Jalna, Latur, Usmanabad, Nashik. Apart from this, financial assistance was also given to Dr.Babasaheb Ambedkar Vaidhyakiy Pratishthan, Aurangabad, MadhavNetralaya Eye Institute & Research Centre, Nagpur, Bhawani Mata SewaSamiti, Nagpur, Hanuman KridyaPrasarakBahu-uddyeshiya Mandal, Akot, Gulshan Foundation Mumbai, J.K.Trust, Mumbai, VaransaiKalyan Ashram Maharashtra, Shri Shiv ChhatrapatiPratishthan, Pune. The total fund released is Rs.26.85 Crores.

**3.10** As a Part of Swachh Bharat Abhiyan oath was administered to the employees and cleanliness drives were undertaken at Administration Building, Port Area, Hospital, Auto Garage and Workshop. The banners and posters were displayed in Schools, Port Area, Township, Shopping complex. The rally about cleanliness was undertaken by the school children. Painting and quiz contest for school children were also carried out.

Many activities were carried throughout the year which included Plantation, beautification of parks, painting of public building, upkeep and cleaning of office premises, toilets, corridors and stairs of Admn.Bldg., POC, Training Centre, Guest House, Port Area, Hospital, School premises, Auto Garage, Stores etc. The old and not in use furniture/fixture, electrical and electronics equipment's were also disposed of.

4.0 The Operating Income of the Port increased to Rs. 1,890.88 Crores in 2017-18 from Rs. 1,700.97 Crores in 2016-17. The Operating Expenditure in 2017-18 was Rs. 751.24 Crores as against Rs. 804.97 Crores in 2016-17. The Operating Profit achieved is more than Rs. 1,000 Crores i.e. Rs. 1,139.64 Crores in 2017-18 against Rs. 896 Crores in the Previous Financial year. The Profit before Tax in 2017-18 has increased to Rs. 1,442.27 Crores from Rs. 1,344.74 Crores in 2016-17. The Net Profit after Tax in 2017-18 has increased to Rs. 952.04 Crores from Rs. 879.32 Crores in 2016-17.

5.0 I would like to state that the above achievements were possible only with the active support from the officers, the employees, the trade unions etc. I also acknowledge the valuable patronage and partnership of our esteemed clientele, viz., the shipping lines, shipping agents, shippers, custom house agents, freight forwarders, CFS operators, importers and exporters.

6.0 I, particularly appreciate the active co-operation and remarkable Contributions made by our valued private partners viz., Gateway Terminals (India) Pvt. Ltd. (GTIPL), Nhava-Sheva International Container Terminal (NSICT) and Bharat Petroleum Corporation Ltd. The Container Corporation of India, Indian Railways and the Customs Department have accelerated the achievement of higher throughput. I also acknowledge the co-operation extended by the local people/bodies and the District Civil and Police administrations. The Central Industrial Security Force (CISF) has done a commendable job in guarding the Port at a time when vital installations like ports are under constant security threat.

7.0 I would also like to take this opportunity to express my gratitude to all the Trustees on the Port Trust Board for their active support and guidance to take decisions on various projects at the ground level. I thank, with gratitude, the Hon'ble Union Minister of Shipping, Road Transport & Highway, Hon'ble Union Minister of State for Shipping, the Hon'ble Secretary (Shipping) and the officers of the Ministry of Shipping for their continued support, guidance and encouragement to this Port, which has helped the Port in maintaining its prominent position in the country.

**(Neeraj Bansal)**

यह पृष्ठ जान-बूझकर खाली छोडा गया है ।

This Page is kept intentionally blank